दिन– बुधवार | दिनांक– 11/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 08.48 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण के तहत आज अररिया और किशनगंज जिलों को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

02 खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने कहा – रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

03. मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, अररिया और किशनगंज समेत कई जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात का पूर्वानुमान जताया।

04. और, पटना में आज से महिला कबड्डी लीग की शुरूआत। सात दिवसीय प्रतियोगिता में चौंतीस मैच खेले जायेंगे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण के तहत आज अररिया और किशनगंज जिलों का दौरा करेंगे। हमारे अररिया संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री इस दौरान लगभग छह सौ करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। श्री कुमार का जनसंवाद का भी कार्यक्रम है।

–––रिपोर्ट–––

मुख्यमंत्री अररिया कॉलेज स्टेडियम में हवाई मार्ग से पहुंचेंगे। सुरक्षा कारणों से कॉलेज स्टेडियम और कृषि उत्पादन बाजार समिति के मार्केटिंग यार्ड में हैलीपेड बनाया गया है। मुख्यमंत्री श्री कुमार सबसे पहले कॉलेज स्टेडियम में जन – संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही पारा मेडिकल कॉलेज, पुलिस लाईन केंद्र, आरएस स्थित सुधा शीतक केंद्र सहित लगभग छह सौ करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। वहीं, अररिया कॉलेज स्टेडियम में अधिकारियों के साथ जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक कार्यो की समीक्षा बैठक करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए अररिया से गौतम सिंह सहगल।

मुख्यमंत्री श्री कुमार आज ही किशनगंज जिले में कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। एक रिपोर्ट..

–––रिपोर्ट–––

मुख्यमंत्री 235 करोड़ रुपये लागत की कुल 122 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस योजनाओं में सड़क, भवन, सिंचाई और नगर विकास से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। श्री कुमार ठाकुरगंज पहुंचने के बाद 133 करोड़ की लागत वाली 73 नई योजनाओं का शिलान्यास करेंगे, जो ठाकुरगंज और आसपास के क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति और बुनियादी ढांचे के सुधार में मदद करेंगी। इसके अलावा 102 करोड़ की लागत से पूरी हुई 49 परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे, जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा। मुख्यमंत्री इसके बाद जनता से जनसंवाद करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए किशनगंज से विशाल कुमार।

---

केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए ईंधन की कोई कमी नहीं है और घबराने की कोई वजह नहीं है। सरकार देश के घरेलू

उपभोक्ताओं को सस्ती ऊर्जा की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि भारत का ऊर्जा आयात विभिन्न स्रोतों और मार्गों से लगातार जारी है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

वर्तमान भू–राजनीतिक परिस्थितियों के कारण सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए शतप्रतिशत सीएनजी और पीएनजी की आपूर्ति सुनिश्चित की है। वहीं अन्य उद्योगों को उनकी जरूरत के मुताबिक लगभग 70 से 80 प्रतिशत गैस उपलब्ध कराए जा रहे हैं। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने इसे प्राथमिकता दी है, साथ ही जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के बीच 25 दिन का अंतराल तय किया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि अन्य गैर घरेलू क्षेत्रों जैसेदृ रेस्तरां, होटल और अन्य उद्योगों के लिए एलपीजी आपूर्ति से जुड़े प्रस्तावों की समीक्षा के लिए तेल विपणन कंपनियों के तीन कार्यकारी निदेशकों की एक समिति भी बनाई गई है। आरजू के साथ आदित्य प्रताप सिंह, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

राज्य की खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने कहा है कि रसोई गैस समेत अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर राज्य सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने अधिकारियों को सभी जिलों में सख्ती से निगरानी करने का निर्देश दिया है। श्रीमती सिंह ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर इस संबंध में टास्क फोर्स का भी गठन किया जाएगा। वहीं, पुलिस मुख्यालय के स्पेशल ब्रांच के उप महानिरीक्षक ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारियों को रसोई गैस और पेट्रोल के जमाखोरों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इधर, पटना जिला प्रशासन ने भी गैस आपूर्ति को लेकर निगरानी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस.एम. ने बताया कि एडीएम सप्लाई के नेतृत्व में एक दल रसोई गैस एजेंसियों और गोदामों का लगातार निरीक्षण कर रहा है।

---

बिहार की पांच सीटों के लिए होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए एनडीए और महागठबंधन की ओर से जीत के दावे किये जा रहे हैं। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि एनडीए चुनाव में सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगा।

———साउंड बाइट———

वहीं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि वे जीत के लिए निश्चिंत हैं।

———साउंड बाइट——

---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि प्रदेश में जारी विशेष भूमि सर्वेक्षण का कार्य दिसम्बर दो हजार सत्ताईस तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा के लिए तेरह मार्च को एक बैठक आयोजित की गयी है। श्री सिन्हा ने बताया कि भूमि सर्वेक्षण पूरा होने के बाद भूमि–अभिलेख से जुड़े विवादों में काफी राहत मिलेगी।

---

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि भारत का वस्त्र उद्योग इस क्षेत्र में विश्व के सबसे बड़े उद्योगों में से एक है। वे नई दिल्ली में देश में कपड़ा अपशिष्ट मूल्य श्रृंखला का मानचित्रण शीर्षक वाली रिपोर्ट जारी करने के अवसर पर बोल रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि यह रिपोर्ट कपड़ों के अपशिष्ट को एक मूल्यवान आर्थिक संसाधन में बदलने के लिए आंकड़ों पर आधारित प्रारूप पेश करती है।

---

पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान–आईजीआईएमएस में प्रदेश की पहली रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक की गई है। संस्थान अधीक्षक डॉक्टर मनीष मंडल ने बताया कि जीआई सर्जरी विभाग ने पित्ताशय की पथरी से पीड़ित एक महिला का सफल ऑपरेशन कर यह उपलब्धि हासिल की है।

–––साउंड बाइट–––

---

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन को दिसंबर दो हजार अट्ठाईस तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में आज संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में जल शक्ति मंत्रालय के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

–––साउंड बाइट–––

इस जल–जीवन मिशन का टू प्वाइंट ओ वर्जन एप्रूव हुआ। वन प्वाइंट ओ वर्जन इतना महत्वकांक्षी इतना बड़ा प्रोजेक्ट था, करीब 13 करोड परिवारों तक पहुंचा नल से जल। अब इन सारे प्रोजेक्ट्स की ऑपेरशन इन मेंटेनेंस, वॉटर सोर्स, सोसाइटी को जितनी डिफरेंट जो कमेटी बनी है, विलेज की कमेटी, ग्रामसभा की कमेटी, पंचायत की कमेटी इन सबको इंवॉल्व करना फिर जहां पर पॉपुलेशन बढ़ रही है, वहां पर नए सोर्सिस निकलना एक तरीके से अब इसको सस्टेनेबल बनाने का टाइम आया। शुरू में टेकऑफ करना कवरेज लाना, अब है इसको सस्टेनेबल बनाना।

मंत्रिमंडल ने इसके साथ ही एक समान राष्ट्रीय डिजिटल ढांचा, "सुजलम भारत", स्थापित करने को भी मंजूरी दी है। इसके तहत प्रत्येक गांव को एक विशिष्ट सुजल

गांव आईडी आवंटित की जाएगी। इससे स्रोत से नल तक संपूर्ण पेयजल आपूर्ति प्रणाली का डिजिटल मान चित्रण किया जाएगा।

---

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में संदेश विधानसभा क्षेत्र के पूर्व राजद विधायक अरूण यादव और उनकी पत्नी किरण देवी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इन दोनों पर छत्तीस करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। गौरतलब है कि ईडी ने वर्ष दो हजार चौबीस में आरोपियों के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर इक्कीस करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी।

---

भारतीय दूरसंचार सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अनिल कुमार दूरसंचार विभाग बिहार सर्किल के अपर महानिदेशक बने हैं। उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया है। श्री कुमार ने कहा कि साइबर सुरक्षा को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में आंशिक रूप से बादल छाये हुये हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका है। साथ ही इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है। विभाग के अनुसार अगले दो दिनों के बाद तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ अररिया का फारबिसंगज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान बत्तीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा, दो हजार छब्बीस के लिए मुजफ्फरपुर स्थित बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय को नोडल विश्वविद्यालय बनाया गया है। विश्वविद्यालय को शिक्षा शास्त्री– बीएड के दो वर्षीय कार्यक्रम के लिए भी यह जिम्मेदारी दी गयी है। इस संबंध में लोकभवन की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। गौरतलब है कि इससे पहले बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को नोडल विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी दी गयी थी।

---

राज्य में कालाजार उन्मूलन को प्रभावी बनाने के लिए राजधानी पटना के आरएमआई अस्पताल में चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक सह– राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर एन. के. सिन्हा ने बताया कि इस प्रशिक्षण से कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने में आसानी होगी।

---

दरभंगा जिले की एक अदालत ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बहेड़ी की छात्रावास अधीक्षिका रेखा सिन्हा को एक छात्रा की हत्या के मामले में दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर सत्रह मार्च को सुनवाई होगी।

---

जमुई जिले के लछुआर थाना क्षेत्र के बेलदरिया गांव में अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक से तीन लाख रुपये लूट लिये। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं, नवादा जिले में पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

**और, अब खबरें खेल जगत से...**

पटना में आज से महिला कबड्डी लीग का आयोजन हो रहा है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरण ने बताया कि उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पाटलिपुत्र खेल परिसर में इस प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। सत्रह मार्च तक आयोजित होने वाली इस लीग में छह टीमों के बीच चौंतीस मैच खेले जायेंगे। लीग का आयोजन खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और बिहार कबड्डी संघ की ओर से किया जा रहा है।

---

वहीं, पटना स्थित मोइनुल हक स्टेडियम में खेले जा रहे बीसीए मेन्स सीनियर वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में कटिहार ने भोजपुर को चौवन रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने बिहार राजस्व सेवा महासंघ के हड़ताल पर लिखा है – राज्य के तीस प्रतिशत अंचलों में हड़ताल का असर नहीं, नये सीओ कर रहे काम।

दैनिक भास्कर ने राज्यसभा चुनाव पर शीर्षक दिया है – महागठबंधन की बैठक, पांच विधायक गायब रहे, तेजस्वी बोल–हम ही जीतेंगे।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है – देवप्रयाग के बाद आचमन योग्य भी नहीं है गंगाजल।

प्रभात खबर लिखता है – पटना जंक्शन पर ह्यूमन रोबोट यात्री सुविधाओं की करेगा निगरानी। देश के बीस स्टेशनों में पटना भी शामिल। रोबोट की सहायक सुरक्षा आयुक्त के पद पर होगी तैनाती।

आज अखबार की सुर्खी है – राज्य के चौवन महाविद्यालय विश्व स्तरीय सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बनेंगे। मंत्री सुनील कुमार ने कहा – एआई तकनीक, डिजिटल शिक्षा और रिसर्च सुविधाएं मिलेंगी।

---

**और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...**

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण के तहत आज अररिया और किशनगंज जिलों को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

02 खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने कहा – रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

03. मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, अररिया और किशनगंज समेत कई जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात का पूर्वानुमान जताया।

04. और, पटना में आज से महिला कबड्डी लीग की शुरूआत। सात दिवसीय प्रतियोगिता में चौंतीस मैच खेले जायेंगे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।